तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 10 अगस्त 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 नेशनल हाईवे हुआ जानलेवा, बाइक सवार राहगीर हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार

प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2026-27
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA
DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S
B.COM | B.SC (CS/IT)
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

खबर संक्षेप

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक कल

बलरामपुर। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 11 अगस्त को 2026 को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। बैठक में कृषि सम्बद्ध,वर्षा ऋतु के दृष्टिगत मौसमी बीमारी से उपचार एवं सर्पदंश के उपचार की तैयारियों, विभागीय योजनाओं की वर्ष 2025-26 की समीक्षा एवं वर्ष 2026-27 के लक्ष्य पर चर्चा,जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति ,नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पुस्तक एवं गणवेश वितरण सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ ने सभी सदस्यों को उपस्थित होने की बात कही है।

जिले में 14 को मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

बलरामपुर। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 अगस्त को जिले में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारत विभाजन के दौरान हुई वास्तविकताओं को अवगत कराने तथा उससे प्रभावित लाखों लोगों के साहस, संघर्ष एवं बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं में विविध गतिविधियां आयोजित होंगी। कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदर्शनी, परिचर्चा, संगोष्ठी, डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन, सहित अन्य जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं विभाजन की पीड़ा से जुड़े लोगों के योगदान को स्मरण करते हुए कैंडल मार्च आयोजित कर युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों, शैक्षणिक संस्थानों को 14 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि विभाजन की विभीषिका से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय से परिचित हो सकें और राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव की भावना को और मजबूत किया जा सके।

जिले में 17 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

बलरामपुर। राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति की भावना तथा राष्ट्रीय एकता को और अधिक सशक्त बनाना है। इस दौरान जिले के सभी विकासखंडों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में देशभक्ति से ओतप्रोत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएगा। जिले में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान, तिरंगा मेला, तिरंगा कॉन्सर्ट,विशेष प्रदर्शनी, जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सार्वजनिक स्थलों पर विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन एवं राष्ट्रीय धरोहर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

सर्व आदिवासी समाज ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस, निकाली गई रैली

हमारा इलाका सुरक्षित नहीं तो परम्परा, संसाधन का संरक्षण नहीं : विजय किशोर

कार्यक्रम में उपस्थित सर्व आदिवासी समाज पदाधिकारी।

कार्यक्रम में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खास बात
- जगह-जगह मनाया गया आदिवासी दिवस

रविवार को सरगुजा जिले में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए और रैली निकाली। रैली उपरान्त कला केंद्र मैदान में पारम्परिक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथियों ने आदिवासी समाज के एकजुटता और परम्परा व संसाधन के संरक्षण की बात कही।

बता दें कि रविवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दौरान जिलेभर में जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय में भी सर्व आदिवासी समाज द्वारा वृहद रैली निकाली गई। इसके साथ ही शहर के कला केंद्र मैदान में वृहद कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज डॉ. अमृत सिंह मरावी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने पारम्परिक वेश भूषा में शैला-सूगा नृत्यों की प्रस्तुति दी। वहीं कार्यक्रम के दौरान ⏭ शेष पेज 4 पर

परंपरागत तरीके से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

सीतापुर। सर्व आदिवासी समाज द्वारा नगर समेत क्षेत्र में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो एवं अन्य अतिथियों द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सर्व आदिवासी समाज ने गाजे बाजे के साथ नगर में विशाल रैली निकाली। रैली उपरान्त आम सभा को संबोधित करते हुए विधायक राम कुमार टोप्पो ने विश्व आदिवासी दिवस मनाये जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने भरे मंच से कहा कि आज पूरे विश्व मे आदिवासियों का मान बढ़ा है। आज इस शुभ घड़ी हमे अपने से वादा करना पड़ेगा कि हम अपनी आदिवासी परंपरा का पूरे निष्ठा और ईमानदारी से पालन करेंगे और इस परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखेंगे। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य शिवभरोष बेक समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए विश्व आदिवासी दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र से आये आदिवासी समाज के बुजुर्ग महिला एवं युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

ग्राम भुसु में भी मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस- विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम भुसु में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अमरजीत भगत थे। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने संबोधित करते हुए कहा कि सदियों से आदिवासियों की अपनी एक सभ्यता और समृद्ध विरासत रही है। आदिवासी हमेशा से प्रकृति पूजक रहा है और जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया है।आज पूरे विश्व मे आदिवासी सभ्यता और परंपरा अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर चुकी है।अब इसे नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने की बारी हमारी आपकी है। इसलिए हम सभी मिलकर इसे आगे बढ़ायेंगे और एक नई मिसाल कायम करेंगे। इस कार्यक्रम को आदिवासी नेता मनसुख राम समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और आदिवासी संस्कृति और सभ्यता के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर काफी संख्या में क्षेत्र से आये आदिवासी समाज समेत अन्य समाज के लोग भी उपस्थित थे।

मातृत्व वंदन योजना के नाम पर कपाटबहरी में की गई बड़ी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

- बेटे को बेटी दिखाकर निकाली गई राशी, आंबा कार्यकर्ताओं पर लगा आरोप, जांच में पहुंचे अधिकारी

क्षेत्र के मातृत्व वन्दन योजना के नाम पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। क्षेत्र के कपाटबहरी में योजना के तहत राशि निकालने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बालिका को बालक दर्शाया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में महिलाओं के नाम पर गड़बड़ी कर राशि निकाली गई। महिलाओं ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की थी और कलेक्टर के निर्देश पर पहुंची महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी जांच के लिए पहुंचे। जांच के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के इस खेल की पुष्टि हुई है जिसके बाद हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र के कपाटबहरी की महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया था कि योजना के तहत हितग्राहियों को मिलने वाली राशि के वितरण में गड़बड़ी की गई। महिलाओं का आरोप है कि मातृत्व वंदन योजना के तहत प्रथम पुत्री के जन्म पर 6 हजार रूपए रुपये तथा प्रथम पुत्र के जन्म पर 5 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाती है। वहीं दूसरी संतान यदि पुत्री हो तो भी निर्धारित प्रावधान के अनुसार लाभ मिलता है लेकिन गांव में कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें दूसरे पुत्र के जन्म पर भी 6 हजार रूपए की राशि स्वीकृत कर दी गई। आरोप है कि रिकॉर्ड में लड़के को लड़की दर्शाकर शासन की राशि का गलत तरीके से आहरण किया गया। इतना ही नहीं, महिलाओं ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उनसे एक हजार से लेकर 3 हजार रूपए तक की अवैध वसूली की गई। महिलाओं का कहना है कि कार्यकर्ताओं ने उन्हें डराया-धमकाया और कहा कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो भविष्य में किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर बतौली परियोजना अधिकारी पीआर एक्का अपनी टीम के साथ मामले की जांच के लिए पहुंचे थे। कलेक्टर को दी गई शिकायत में केवल छह महिलाओं के नाम दर्ज थे, लेकिन जब मौके पर जांच हुई तो लगभग 20 से 30 महिलाओं ने भी इसी प्रकार की शिकायतें सामने रखीं। इससे पूरे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि ग्राम कपाटबहरी के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उनसे जबरन पैसे वसूले गए। वहीं ग्राम पंचायत कपाटबहरी के सरपंच महावीर एक्का ने भी महिलाओं की शिकायतों की पुष्टि करते हुए कहा कि कई महिलाओं ने उनके पास आकर बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लाभ बंद करने की धमकी देकर पैसे मांग रही हैं। सरपंच का आरोप है कि जब उन्होंने इस संबंध में सवाल उठाया तो उन्हें भी झूठी शिकायत में फंसाने की धमकी दी गई।

25 के पार हुई संख्या

महिलाओं की शिकायत पर मातृत्व वंदन योजना में गड़बड़ी को लेकर जांच दल में बतौली परियोजना अधिकारी पीआर एक्का अपनी टीम के साथ पहुंचे और 6 महिलाओं व 3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का बयान दर्ज किया गया। भारी गहमा गहमी के बीच पीड़ित महिलाओं की संख्या 25 से पार हो गई जिनसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा योजना का गलत लाभ लेते हुए पैसा का उगाही किया गया है। परियोजना अधिकारी ने महिलाओं को न्याय मिलने का भरोसा देते हुए लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही है।

15 अगस्त को जिले में उल्लास महा चौपाल कार्यक्रम का होगा आयोजन

अम्बिकापुर। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में उल्लास महा-चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने बताया कि उल्लास का मूल मंत्र जन-जन साक्षर और कर्तव्य बोध है। इसका मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं किया है। इस वर्ष 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आजादी के जश्न को साक्षरता के उल्लास के रूप में मनाया जाना है। इस दिवस साक्षरता को देशभक्ति से जोड़कर उल्लास महा-चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में उल्लास महा- चौपाल कार्यक्रम हेतु वातावरण निर्माण किया जाना है। राज्य स्तर से प्राप्त निर्देश के परिपालन में महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम प्रभारी शिक्षक के नेतृत्व में उल्लास महा-चौपाल कार्यक्रम एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों सहित उल्लास साक्षरता कक्षा के संचालन में आवश्यक सहयोग करेंगे। राज्य स्तर से प्राप्त पत्र के परिपालन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार समस्त जनपद व ग्राम पंचायतों में साक्षरता से संबंधित नारा लेखन का कार्य भी किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को सरपंचध्ग्राम प्रभारी के नेतृत्व में समुदाय, गांव के युवक-युवती, पुरुष, महिलाएं एवं बुजुर्गों को जोड़ते हुये उल्लास साक्षरता मोबाईल टॉर्च रैली, उल्लास मशाल रैली, प्रभात फेरी का आयोजन किया जाना है। साथ ही 15 अगस्त को ध्वजारोहण के पश्चात सामूहिक उल्लास शपथ, महाचौपाल और कहानियों का कारवां, मातृत्व साक्षरता, अंगूठा मुक्त पंचायत, डिजिटल साक्षरता और सेल्फी पाइंट, अंगूठे से कलम तक सम्मान समारोह, साक्षरता रंगोली और नुक्कड़ नाटक, उल्लास की घंटी, शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण, उल्लास साक्षरता थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।

लंबित डाटा एंट्री को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश

एएसपी ने ली सीसीटीएनएस ऑपरेटरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर नव पदस्थ एएसपी रितेश चौधरी ने जिले के समस्त थानों के सीसीटीएनएस ऑपरेटरों की बैठक ली।

बैठक में थानों में लंबित एवं नियमित रूप से किए जाने वाले विभिन्न ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्यों की पोर्टलवार समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही एमएलसी व पीएम से संबंधित आवश्यक प्रविष्टियां थाना स्तर पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाना में जब्त की एंट्री से पूर्व जब्ती रजिस्टर को पूर्ण रूप से संधारित एवं अद्यतन किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

एएसपी के साथ सीसीटीएनएस ऑपरेटर।

जब्ती रजिस्टर के अद्यतन नहीं होने के कारण मालखाना में एंट्री लंबित न रहे, इसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतुः समस्त सीसीटीएनएस ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया कि वे संबंधित थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर पोर्टलवार लंबित डाटा को अद्यतन करें। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा संसाधन संबंधी कमी होने पर तत्काल वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराते हुए उसका निराकरण सुनिश्चित करें। एएसपी रितेश चौधरी ने निर्देशित किया कि सभी सीसीटीएनएस ऑपरेटर अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करते हुए लंबित डाटा एंट्री कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें तथा संबंधित पोर्टलों पर जानकारी को नियमित रूप से अद्यतन रखें। आगामी समीक्षा बैठक में पोर्टलवार कार्य प्रगति एवं लंबित कार्यों की पुनः समीक्षा की जाएगी।

हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार बालिका की मौत, दूसरी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भटगांव एसईसीएल जीएम कार्यालय के समीप हुई घटना

रविवार को सूरजपुर जिले के भटगांव क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आकर बालिका की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों बालिकाएं मंदिर दर्शन के लिए घर से निकली थीं। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि भटगांव तिलसिवापारा निवासी 13 वर्षीया रितिका आ. रामसाय व दुग्गा निवासी 13 वर्षीया वर्षा राजवाड़े आ. संतोष राजवाड़े बाइक क्रमांक सीजी 15 डीके 3307 से निकली थी। इस दौरान एसईसीएल जीएम कार्यालय के पास जगन्नाथपुर की ओर से सीएचपी की ओर जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 29 एएच 5148 से टक्कर हो गई। टक्कर के दौरान बालिका हाइवा के नीचे आ गई जिससे मौके पर ही रितिका की मौत हो गई जबकि वर्षा राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दौरान आस पास मौजूद लोगों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक दोनों बालिकाएं मंदिर दर्शन के लिए घर से निकली थीं। घटनास्थल से अगरबत्ती और पूजा सामग्री वाली पॉलीथिन मिलने की बात भी सामने आई है। मंदिर जाने के दौरान हुए इस हादसे ने दोनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस हादसे के कारणों और दुर्घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो युवक घायल

उदयपुर। क्षेत्र के अलकापुरी पेट्रोल पंप के सामने रविवार शाम भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। युवक बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप की ओर मुड़ रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन के चालक ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के चैनपुर निवासी 23 वर्षीय सुधीर सिंह कंवर आ. जगदीश कंवर और 20 वर्षीय संतलाल दास आ. धनुक दास बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 3460 से अपने घर चैनपुर से उदयपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंप में तेल डलवाने के लिए जैसे ही बाइक मोड़ी, सामने से आ रहे पिकअप क्रमांक जेएच 03 एक्यू 1615 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि टक्कर के बाद पिकअप सड़क किनारे कीचड में जाकर धंस गया। इस हादसे में सुधीर सिंह कंवर और संतलाल दास गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए सीएचसी उदयपुर में भर्ती कराया जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

खबर संक्षेप

फुटबॉल टूर्नामेंट: कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल ने जीता प्रथम मैच

बिश्रामपुर। नगर के एकता स्टेडियम में आयोजित न्यू टैलेंट प्रोत्साहन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के 8वें दिन के पहले मैच में कार्मेल कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल बिश्रामपुर विजयी रही। जबकि दूसरा रोमांचित मैच डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर और पीएम श्री जयनगर के बीच खेले गए मैच 1-1 गोल से बराबर रहा,मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी चांदीराम अग्रवाल थे जबकि अन्य अतिथियों में व्यवसायी सार्थक अग्रवाल, शिक्षक सीमांचल त्रिपाठी, चंद्रप्रसाद यादव, सुभाष यादव व दोनों टीमों के कोच पीके वैद्य और सोमेश लामा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मैच की कमेंट्री उग्रसेन केसरी और प्रकाश कुर्रे ने की।

दुर्गा बाड़ी परिसर में जूते चप्पल पहनकर जाने पर भाजपा ने जताई नराजगी

सेदम। बतौली में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बाजार रोड स्थित दुर्गाबाड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर की धार्मिक मर्यादाओं का पालन नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता अमित गुप्ता ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल पर जूते-चप्पल पहनकर प्रवेश करना तथा जहां देवी-देवता की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है, उसके सामने मंच बनाकर कार्यक्रम आयोजित करना स्थानीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है। अमित गुप्ता ने कहा कि धार्मिक स्थल के परिसर में सार्वजनिक रूप से जूते-चप्पल पहनकर कार्यक्रम में शामिल होना और धार्मिक स्थल के सामने मंच बनाकर कार्यक्रम आयोजित करना श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान धर्म विशेष के गीत बजाए जाने को लेकर भी आपत्ति जताई और कहा कि आदिवासी समाज के आयोजन के नाम पर किसी भी धार्मिक स्थल की मर्यादा एवं स्थानीय धार्मिक भावनाओं की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

पीएमश्री जयनगर में बैगलेस डे पर चला स्वच्छता अभियान

बिश्रामपुर। पीएमश्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में बैगलेस डे पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ श्रमदान की भावना का विकास करना रहा,प्राचार्य पुष्पा राय के मार्गदर्शन में शुभारंभ हुए इस अभियान के दौरान विद्यालय परिसर, कक्षाओं, खेल मैदान तथा आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों की गहन सफाई की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया, वहीं स्वच्छता के संदेश को रेखांकित करते हुए आकर्षक रंगोली भी सजाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण तथा प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने के संबंध में व्यावहारिक जानकारी भी दी गई।प्राचार्य श्रीमती पुष्पा राय ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बैगलेस डे का मूल उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर व्यावहारिक एवं सामाजिक मूल्यों से जोड़ना है। जब समाज, अभिभावक एवं विद्यालय मिलकर प्रयास करते हैं, तो न केवल वातावरण स्वच्छ बनता है, बल्कि आने वाली पीढ़ी में बेहतर नागरिक के संस्कार भी अंकुरित होते हैं। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल, देवधन राम बिंझिया, सरपंच राधा बाई, सैफुल्लाह, शांतनु सिंह चौहान, देवशरण सिंह, नंदकुमारी, शाहिला बेगम, विनोद एवं समस्त शिक्षक सक्रिय रहे।

हर साल बारिश में कीचड में तब्दील हो जाती है सड़क

नेशनल हाईवे हुआ जानलेवा, बाइक सवार राहगीर हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार

गड्ढों से भरी एनएच की सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बारिश शुरू होते ही नगर से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे क्रमांक 43 की सड़क जानलेवा हो गई है। लगभग तीन किमी दूरी तक नेशनल हाईवे की सड़कों में तालाबनुमा गड्ढे उभर आए है जिसकी वजह से आये दिन सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही है और लोग घायल हो रहे है। हर साल बारिश में होने वाकई सड़क की बदहाली के बाद भी विभाग इसको लेकर गंभीर नही है। ऐसे में आम आदमी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

खास बात
- लोगों में आक्रोश

विदित हो कि बारिश शुरू होते ही नेशनल हाईवे क्रमांक 43 की सड़कें गड्ढों में गुम हो गई है। ग्राम पंचायत सोनातराई से ग्राम पंचायत सुर तक लगभग तीन किमी लंबी सड़क में जगह जगह तालाबनुमा गड्ढे होने की वजह से सड़क जानलेवा हो गई है। खासकर ग्राम सोनातराई के पास की सड़कों का सबसे बुरा हाल हो गया है। लगभग आधा किमी लंबी सड़क पर इतने सारे गड्ढे हो गए हैं कि उन गड्ढों को पार करना जंग जितने जैसा है। मरम्मत के अभाव में सड़कों की हालात दिनोदिन बद से बदतर होती जा रही है जिसकी वजह से रोज कोई न कोई राहगीर सड़क दुर्घटना का शिकार होने लगा है। बीते दिनों स्कूल जाने के दौरान एक महिला शिक्षक सड़क में निर्मित गड्ढे की वजह से दुर्घटना की शिकार हो गई। स्कूल जाने के दौरान हड़बड़ी में महिला शिक्षक की स्कूटी असंतुलित हो गई और महिला शिक्षक स्कूटी समेत पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने स्कूटी समेत महिला को पानी भरे गड्ढे से बाहर निकाला। गनीमत रही कि पीछे से कोई बड़ी वाहन नही आ रही थी वरना बड़ी घटना हो सकती थी। शहर के बीच से होकर गुजरने वाली तीन किमी लंबी नेशनल हाईवे की सड़क का कमोबेश यही हाल है। जगह जगह निर्मित गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे है।ये सब जानते हुए भी संबंधित विभाग के अधिकारी हाथों पर हाथ धरे मरम्मत कराने के बजाए किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे है।

मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

बारिश से पूर्व जर्जर हो चुके सड़क की मरम्मत की गई थी। इस दौरान मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति करते हुए ठेकेदार द्वारा थूक पॉलिस की गई थी। लोगों ने बारिश का हवाला देते हुए विभागीय अधिकारियों से मजबूती से मरम्मत कराने की मांग की थी ताकि बारिश के दिनों में सड़क टिकाऊ साबित हो सके पर अधिकारियों ने लोगों की बातों को तब अनसुना कर दिया था। दरअसल सड़क के दोनों ओर बारिश की पानी का निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है जिसकी वजह से पानी सड़क पर जमा हो जाता है और सड़क को क्षतिग्रस्त कर देता है। नगर में इस समस्या का अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। ऐसे में बारिश के समय सड़कों की हालत काफी जर्जर हो जाती है।

बारिश रुकने पर होगा मरम्मत

संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात हुई है। उनका कहना है कि बारिश की वजह से मरम्मत कराते नही बन रहा है। बारिश थमते ही सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

-फागेश सिन्हा, एसडीएम

एनएच 343 पर गड्ढे में फंसने से टूटा ट्रक का पट्टा, बढ़ी परेशानी

राजपुर। अंबिकापुर-रामानुजगंज एनएच 343 मुख्य मार्ग पर सड़क की बदहाली वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। राजपुर-महुआपारा स्थित वन विभाग कार्यालय के समीप सड़क पर गड्ढों में बारिश का पानी और कीचड़ जमा होने से भारी वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। रविवार भोर से एक मालवाहक ट्रक फंस गया। इसी दौरान ट्रक का पट्टा टूट गया, जिसके कारण वाहन रविवार भोर से ही सड़क पर खड़ा है। जानकारी के अनुसार रामानुजगंज की ओर से सामग्री लेकर आ रहा ट्रक वन विभाग कार्यालय के समीप पहुंचा था। यहां सड़क पर बने बड़े गड्ढे में वाहन फंस गया और उसका पट्टा टूट गया। चालक और क्लीनर ने जैक लगाकर वाहन को उठाया, लेकिन रविवार दोपहर 2 बजे तक ट्रक की मरम्मत नहीं हो सकी थी। ट्रक के सड़क पर खड़े रहने से फिलहाल एक ओर से ही वाहनों की आवाजाही हो रही थी। इसी दौरान राजपुर की ओर से खाद लेकर मोपेड से जा रहा एक किसान भी ट्रक के पास पहुंचते ही कीचड़ में फंस गया। मोपेड के आगे नहीं बढ़ पाने पर एक राहगीर ने मदद करते हुए धक्का देकर उसे कीचड़ से बाहर निकाला। इसके बाद किसान अपने घर की ओर रवाना हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर सड़क की बदहाली को लेकर पहले भी समस्या सामने आ चुकी है। इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी नहीं किए जाने से स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी और कीचड़ भरने से दुर्घटना के साथ ही सड़क पर जाम लगने की आशंका बनी हुई है।

संत रविदास की कलश वितरण यात्रा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी हेतु भाजपा मंडल की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भाजपा शिवनंदनपुर मंडल द्वारा संत रविदास की कलश वितरण यात्रा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी हेतु आगामी कार्यक्रमों के निमित्त आवश्यक बैठक रविवार को किया गया, जयनगर के बिंझिया सामुदायिक भवन में आहुत बैठक में अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल, मंडल प्रभारी संत सिंह एवं मंडल अध्यक्ष हरिश राजवाड़े, शोभनाथ राजवाड़े, कृष्ण गोयल, शितीकांत स्वाई, मनमत बछाड़ उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने की। बैठक में अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा दिए गए जिम्मेदारियों को ईमानदारी पूर्वक पूर्ण करने की बात कही। यहां पर संत रविदास की कलश वितरण यात्रा एवं तिरंगा यात्रा हेतु आगामी कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी उपस्थित जन व कार्यकर्ताओं को दी गई। इस दौरान दिलीप समद्दार, भागवत प्रजापति, विवेक जायसवाल, कृष्णपाल, महेश जायसवाल, नेपाल समद्दार, समीर सिंह, विनोद शाह, अनिता सिंह, मनियारो, फुलबासिया, रीता देवी, मोनिका शर्मा, शांतनु चौहान, विनोद, गोपाल, दलसाय, अमित मित्तल व अन्य उपस्थित रहे।

भाजपा मंडल की बैठक में, हर घर तिरंगा अभियान की रणनीति

रामानुजगंज। भाजपा चांदो की बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की बैठक मंडल प्रभारी अजय गुप्ता, सह प्रभारी दिलीप सोनी, मंडल अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह एवं भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी अजय यादव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में प्रत्येक बूथ स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने, प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाने तथा नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी शक्तिकेन्द्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक एवं बूथ पदाधिकारी उपस्थित थे।

विधायक ने नवप्रवेशी छात्राओं को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोझा में महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की नवप्रवेशी छात्राओं को सायकल वितरित किया गया। क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैंकरा ने छात्राओं को साइकिल किया।

- शिक्षा और नशामुक्ति का दिलाया संकल्प

कार्यक्रम में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि सरस्वती साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि बेटियों की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बढ़ाया गया सशक्त कदम है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और वे नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर अध्ययन करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैंकरा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ही विकास और आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ नियमित अध्ययन करने तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विधायक ने बच्चों को मिठाई खिलाकर नवीन पाठ्यपुस्तकें प्रदान की। प्राचार्य अकबर कुरैशी ने कहा कि "शिक्षित बेटी, सशक्त समाज-यही विकसित भारत की पहचान है। शिक्षा जीवन में सफलता का आधार है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय आने, शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन करने तथा अनुशासन और सद्व्यवहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों से विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और अपने अच्छे व्यवहार एवं मेहनत से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। विद्यालय की छात्राओं, उपस्थित अभिभावकों एवं अन्य लोगों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने आह्वान की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मोंटफोर्ट स्कूल में 540 विद्यार्थियों ने ली नशा न करने की शपथ

अम्बिकापुर। मोंटफोर्ट स्कूल में ब्रह्माकुमारी संस्थान की पहल पर नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान अंतर्गत जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एस. गैब्रिएल ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाकर स्वस्थ एवं चरित्रवान जीवन जीने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है।

कार्यक्रम में हायर सेकेण्डरी सेक्शन की कोऑर्डिनेटर ममता तिवारी, हाई स्कूल सेक्शन की कोऑर्डिनेटर संगीता पाण्डेय एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने नशा और व्यसन के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। रेखा दीदी ने ईश्वर को साक्षी मानकर सभी विद्यार्थियों को जीवन में कभी भी नशे में न पड़ने की शपथ दिलाई। अभियान के तहत 540 विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा ली। इस दौरान विद्यार्थियों को 5 मिनट का गाइडेड मेडिटेशन भी कराया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विद्यालय को सर्टिफिकेट ऑफ प्लेज भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन, धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 अगस्त 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा दे रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया,PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 09 अगस्त, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन
बिना इंजेक्शन
बिना टांके
बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी
(आदि बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
रशीद अहमद अंसारी
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी
अल्पसंख्यक विभाग, सरगुजा

श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी
(आदि बाबा)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
मधुर मिलन परिवार
भगवानपुर अम्बिकापुर
दिलीप धर
राष्ट्रीय अध्यक्ष
नेताजी बंग समाज कल्याण समिति

जीवेत शरदः शतम्
आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी
"आदि बाबा"
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
हिमांशु जायसवाल
चेयरमैन आरटीआई विभाग युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़

श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदि बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
राकेश गुप्ता
पूर्व जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा

श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदि बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मो नियाजुद्दीन निक्की खान
मंडल अध्यक्ष
शमसु अंसारी
उपाध्यक्ष
मंडल क्रमांक - 2 अम्बिकापुर

श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदि बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
आशीष जायसवाल
जिलाध्यक्ष
एनएसयूआई, विधानसभा अम्बिकापुर (छ.ग.)

श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदि बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मो.बाबर ईदरिसी
पार्षद
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर

जीवेत शरदः शतम्
आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी
पूर्व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, सरगुजा
"आदि बाबा"
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बल्लू तिवारी
अनूप मेहता
विनीत - वन्दे महामाया परिवार अम्बिकापुर

जीवेत शरदः शतम्
श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदि बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएं...
शैलेष पाण्डेय
(सूरज)
स्नेहा पाण्डेय
(चंदा)
शास्त्री एग्रो इण्डस्ट्रीज
अधिकृत विक्रेताः महिन्द्रा ट्रैक्टर्स (सूरजपुर जिला) मनेन्द्रगढ़ रोड, सूरजपुर मो. 9425254465
सेल्स 8458810941 सर्विस 6268388820
हेड ऑफिसः - शास्त्री कॉम्प्लेक्स, श्री राम मंदिर रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254465, शोरूमः सूरजपुर, अजबनगर, ब्रांच : भैयाथान, प्रतापपुर, जरही, प्रेमनगर
निर्माता : ट्रैक्टर ट्राली, नागर, कुर्री, केजव्हील, पानी टैंकर
चांदनी चौक, मायापुर, अम्बिकापुर (सरगुजा) मो. 9425254465, 9425254466

जीवेत् शरदः शतम्
श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदि बाबा)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शफी अहमद
नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

खबर संक्षेप

अंतर क्षेत्रीय कबड्डी स्पर्धा में चयन के लिए एसईसीएल के खिलाड़ियों का ट्रायल आज

बिश्रामपुर। एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2026-27 में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए सोमवार 10 अगस्त को ट्रायल किया जाएगा,चयन प्रक्रिया एकता मैदान बिश्रामपुर में सुबह 10 बजे से शुरू होगी,कोल मुख्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का आयोजन 18 से 20 अगस्त तक सोहागपुर क्षेत्र में प्रस्तावित है,इस प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम को मैदान में उतारने के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि टीम का चयन ट्रायल में उपस्थित खिलाड़ियों में से ही किया जाएगा,ऐसे में कबड्डी में रुचि रखने वाले और एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के इच्छुक कर्मचारियों के लिए यह ट्रायल महत्वपूर्ण माना जा रहा है,इच्छुक कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर एकता मैदान में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कहा गया है,चयन के दौरान खिलाड़ियों के खेल कौशल,शारीरिक क्षमता,तकनीक और मैदान पर प्रदर्शन के आधार पर टीम के लिए उपयुक्त खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।ज्ञात हो कि सोहागपुर क्षेत्र में प्रस्तावित अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता जो 18 से 20 अगस्त तक चलेगी, में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का भाजपा ने किया स्वागत

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद एवं उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांती वर्मा के सूरजपुर प्रवास पर आगमन पर सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। आयोग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामानंद जायसवाल एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज गुप्ता ने उन्हें शॉल व श्रीफल भेंटकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाली सभी जातियों व उपजातियों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए आयोग संकल्पित है। राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और पिछड़े वर्ग के लोगों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में बैठकों का आयोजन कर समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में सूरजपुर जिले का यह दौरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वागत कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भाजपा कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला मंत्री दीपक गुप्ता, विजय राजवाडे, सत्यनारायण जायसवाल, संतोष सोनी, अशोक यादव, महेश जायसवाल, मिथिलेश जायसवाल, जुगेशवर पटवा, स्वामि राजवाडे, विजय राजवाडे, राजेश राजवाडे और अमित मित्तल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पेज 1 के शेष...

हमारा इलाका सुरक्षित नहीं तो...

मुख्य वक्ता के रूप में महाराष्ट्र से पहुंचे पेशा कानून वन अधिकार ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन विजय किशोर पंडा ने आह्वान किया कि हमारे इलाके में हमारा राज हो। आदिवासियों ने कभी व्यक्तिगत चीज को ध्यान नहीं देते हुए इलाके की बात कही। यदि हमारा इलाका ही सुरक्षित नहीं होगा तो परम्परा, संसाधन की सुरक्षा और संरक्षण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इतिहास के अनुसार इस देश में मूल निवासी देश के आदिवासी ही है बाकी सब धीरे धीरे बाहर से आए है। उन्होंने कहा कि सरगुजा संभाग संसाधन का धनि है। यहां जल-जंगल-जमीन-खदान बड़े पैमाने पर है लेकिन पांचवीं अनुसूची और पेशा कानून के तहत आदिवासियों का संरक्षण और सुरक्षा नहीं हो रहा है। कानून का गलत क्रियान्वयन हो रहा है, संसाधन को निकालने के लिए गलत ढंग से कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज डॉ. अमृत सिंह मरावी ने कहा कि सरगुजा जिला 5वीं अनुसूचित में शामिल है। हमारे विधायक समाज से जीतकर जाते तो है लेकिन सदन में जाकर वे आदिवासी समाज के हित में कोई आवाज नहीं उठाते।

अम्बिकापुर। विकासखण्ड उदयपुर के ग्राम मतरिंगा एवं मूसरडांड़ में मलेरिया नियंत्रण के लिए प्रभावित गांवों में मरीजों का सर्वे एवं रक्त का नमूना एकत्र करते स्वास्थ्यकर्मी।

बांकी बांध में मात्र 40 फीसदी भरा पानी

सरगुजा में 49 फीसदी कम बारिश सिंचाई बांधों के कंठ अभी भी सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीच बीच में अच्छी वर्षा होने के बावजूद सरगुजा में अभी सामान्य औसत वर्षा की पूर्ति नहीं हुई है। सरगुजा में वर्षा का सामान वितरण नहीं होने के कारण कहीं सामान्य से अधिक तो कहीं सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है। कम वर्षा होने के कारण क्षेत्र के अधिकांश सिंचाई बांधों के भरने का इंजतार किया जा रहा है।

खास बात
- भविष्य में हो सकता है पेयजल संकट

मौसम विभाग द्वारा अब तक सरगुजा में 387.4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। सामान्य तौर पर इस अवधि में 723.2 मिमी औसत वर्षा होती है। अभी तक दर्ज वर्षा सामान्य से 49 फीसदी कम है। हालांकि अंबिकापुर विकासखंड में अपेक्षाकृत अच्छी वर्षा दर्ज की गई तथा वर्षा का आंकडा 700 मिमी पहुंच गया है। सामान्य से कम वर्षा होने के कारण अभी भी धान की रोपाई पूरी नहीं हो पाई है। कृषि अधिकारी एक सप्ताह में धान की रोपाई पूरी होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। चार दिन पूर्व तक सरगुजा में औसत वर्षा का आंकड़ा सामान्य से 52 फीसदी कम पर पहुंच गया था। पिछले तीन दिनों तक रुक रुक कर हुई अच्छी वर्षा से वर्षा के आंकड़े में वृद्धि हुई है। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से 9, 10 एवं 13 से 15 अगस्त के मध्य अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी के अनुसार जुलाई की सामान्य वर्षा का आंकड़ा पूरा हो गया है। अगस्त में भी अब तक अच्छी वर्षा हुई है। भविष्य में अच्छी वर्षा होने पर आंकड़े में और अधिक सुधार होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि कृषि वैज्ञानिक अब तक हुई वर्षा के असामान्य वितरण से भविष्य में विपरीत स्थितियां निर्मित होने की आशंका व्यक्त कर रहे है। साथ ही किसानों को भविष्य के लिए पानी संग्रहण करने की सलाह दे रहे है। अभी तक हुई वर्षा से गांव गांव में निर्मित अधिकांश लघु सिंचाई बांध भी नहीं भर पाए है। श्याम घुनघुट्टा बांध को छोड़कर सरगुजा के तीन माध्यम सिंचाई बांधों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। हालांकि जल संसाधन विभाग के अधिकारी अभी दो महीने तक वर्षा होने एवं शेष बचे दिनों में छोटे-बड़े सभी सिंचाई बांधों के लबालब होने की उम्मीद जता रहे है।



बांकी बांध की हालत खराब

जल भराव की दृष्टि से श्याम घुनघुट्टा सिंचाई परियोजना सरगुजा का सर्वश्रेष्ठ बांध है। अच्छी वर्षा होने पर 20-25 दिनों में ही बांध लबालब हो जाता है तथा गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस बार भी श्याम घुनघुट्टा बांध एक पखवाड़े पूर्व ही लबालब हो गया है। बांध से सिंचाई के लिए लगातार पानी उपलब्ध कराने के बाद भी वर्षा होने पर बांध का गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके विपरीत लखनपुर स्थित कुंवरपुर जलाशय में अब तक 60 फीसदी, बरनई सिंचाई बांध में 45 फीसदी एवं बांकी सिंचाई बांध में 40 फीसदी पानी का भराव हो सका है। जल संसाधन विभाग ने आज तक बांकी बांध से खेतों की सिंचाई के लिए पानी देना बंद कर दिया है तथा बांध के सम्पूर्ण पानी को पेयजल के लिए आरक्षित किया है। विभाग द्वारा वर्षों से तकिया फिल्टर प्लांट से ननि क्षेत्र के लिए पानी की आपूर्ति की जा रही है। विभाग ने कुछ महीने पूर्व ही पीएचई से समझौता कर समूह जल आवर्धन योजना के माध्यम से लुंड्रा के 21 गांवो में पेयजल आपूर्ति करने का समझौता किया है।

पूरा पानी नहीं भरने पर होगी समस्या

बांकी बांध का जल भराव क्षमता 9.0 मिलियन क्यूबिक मीटर है। विभाग हर साल ननि को 8.93 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की आपूर्ति करता है जबकि विभाग ने समूह जल आवर्धन योजना का निर्माण पुरना होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में 0.284 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी आपूर्ति करने का समझौता किया है। ऐसे में बांध में क्षमता के अनुसार पानी नहीं भरने पर भविष्य में पेयजल समस्या की स्थिति निर्मित हो सकती है। लम्बे अर्से बाद पिछले साल बांध लबालब हुआ था। पिछले साल मौसम विभाग द्वारा 1300 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी।

शेष है 2 महीने

अभी बरसात के दो महीने शेष है। शेष दिनों की वर्षा से सभी बांधों में क्षमता के अनुसार पानी भर जाएगा तथा सिंचाई एवं पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।
एपी निरंजन
ईई जल संसाधन विभाग

पीजी कॉलेज में हुई प्राचार्य एवं क्रीडा अधिकारियों की बैठक

अम्बिकापुर। पीजी कॉलेज के सभाकक्ष में प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सरगुजा सेक्टर के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं क्रीडा अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में सरगुजा सेक्टर अंतर्गत सरगुजा, बलरामपुर, जशपुर से 28 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के क्रीडा अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की अंतरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन तिथियों के निर्धारण, मेजबान महाविद्यालयों का चयन, खिलाड़ियों के पंजीयन, चयन प्रक्रिया, प्रतियोगिता नियमावली, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार सिन्हा ने खेल अधिकारियों से निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए। उपस्थित खेल अधिकारियों ने प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

चालू सत्र से विश्व विद्यालय प्रारंभ करेगा डिजिटल मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विवि द्वारा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने एवं कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित करने के उद्देश्य से चालू सत्र से उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन कराने का निर्णय लिया गया है। डिजिटल मूल्यांकन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

- कुलपति प्रो .लाकपाले ने कहा-15 विषयों के लिए की है सामुदायिक भवन की मांग

उन्होंने कहा कि पूर्व में परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाएं विवि पहुंचती थी तथा विवि द्वारा पुस्तिकाएं मूल्यांकनकर्ताओं के पास भेजी जाती थी। नई प्रक्रिया के तहत परीक्षार्थी संबंधी जानकारी को छोड़कर पूरी उत्तर पुस्तिका की स्कैनिंग कर मूल्यांकनकर्ता को भेजी जाएगी तथा मूल्यांकनकर्ता द्वारा दिया अंक विवि के पोर्टल के माध्यम से तत्काल प्राप्त होगा। उत्तर पुस्तिका के हर पृष्ठ पर बारकोड अंकित किया गया है ताकि कहीं भी गड़बड़ी की कोई आशंका न रहे। इस नवाचार से विवि बेहद कम समय में गुणवत्तायुक्त परीक्षा परिणाम घोषित कर सकेगा। इस प्रक्रिया से मूल्यांकन में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता आएगी एवं कम समय में मूल्यांकन पूरा कर परिणाम घोषित किया जा सकेगा। इससे मूल्यांकन प्रक्रिया का डिजिटल रिकॉर्ड को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के साथ परीक्षा व्यवस्था आधुनिक एवं प्रभावी बनाने में सफलता मिलेगी। कुलपति डॉ.लाकपाले ने बताया कि शासन द्वारा विवि को 25 नए विषयों के संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है जिनमें 10 पाठ्यक्रम तकनीकी विषयों के हैं। विवि के पास भवन भी उपलब्ध नहीं है। विवि ने चालू सत्र से 15 नए पाठ्यक्रमों के संचालन करने का निर्णय लिया है। इन विषयों के अध्यापन के लिए दो-दो अतिथि व्याख्यताओं की नियुक्ति की जाएगी। नए विषयों की कक्षाएं संचालित करने के लिए ननि कार्यालय के निकट खाली सामूदायिक भवन की मांग की गई है।

कुलपति प्रो.लाकपाले ने बताया कि अधूरे शैक्षणिक भवन एवं प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए 20 करोड़ रूपए की आवश्यकता है। इसके लिए बजट सत्र के पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मिलकर राशि स्वीकृति की पहल की गई थी। इस संबंध में पुनः अनुपूरक बजट के पूर्व पहल की जाएगी। इस दौरान फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.आनंद कुमार उपस्थित थे।

भरभरा कर गिरी नवजात शिशु देखभाल कक्ष की फॉल्स सीलिंग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

जर्जर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। रविवार को सुबह 9.30 बजे नवजात शिशु देखभाल इकाई के कमरे की फॉल सीलिंग अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि इस दौरान कमरे में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, रविवार को आपातकालीन डयू टी पर चिकित्सक के सुबह पहुंचने के बाद करीब 9.30 बजे शिशु देखभाल कक्ष की फॉल सीलिंग गिर गई। घटना की जानकारी तत्काल बीएमओ को दी गई है। बताया जा रहा है कि कक्ष का उपयोग आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के रूकने के लिए किया जा रहा था। गौरतलब है कि प्रसव कक्ष भी पहले ही टूट चुका है, जिसके बाद अब फॉल सीलिंग गिरने से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा भी चिंता का विषय बन गई है। लोगों का कहना है कि जर्जर भवन की समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

यातायात पुलिस ने बाइकर्स गैंग के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर में बाइकर्स गैंग के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यातायात पुलिस ने तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर उत्पात मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। हरिभूमि द्वरा खबर प्रकाशन के बाद की गई इस कार्रवाई से बाइकर्स गैंग में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने यह अभियान निरंतर जारी रखने की बात कही है।

- तेज आवाज वाले साइलेंसर मामले में 5 बुलेट चालकों पर कार्रवाई

बता दें कि शहर में बाइकर्स गैंग का उत्पात चरम पर है। बाइकर्स गैंग के लोग तेज रफ्तार में सड़को पर फर्राटे भरते है जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है इसके साथ ही बाइकर्स गैंग के लोग बुलेट वाहनों में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर उत्पात मचाते है। ऐसे वाहन चालकों की वजह से सड़क पर ध्वनि प्रदूषण बढ़ने के साथ ही आमजन, बुजुर्गों, बच्चों एवं अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हरिभूमि द्वारा बाइकर्स गैंग के खिलाफ प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद एसपी योगेश पटेल ने मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर सड़कों पर तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर बुलेट को फर्राटे से दौड़ाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार यातायात पुलिस द्वारा विशेष कार्रवाई करते हुए तेज ध्वनि वाले साइलेंसर लगे 5 बुलेट वाहन चालकों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके पर वाहनों से तेज आवाज वाले साइलेंसर निकलवाए तथा संबंधित वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की। सूरजपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर वाहन चलाना केवल स्वयं की सुविधा नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा और सुविधा की भी जिम्मेदारी है। बुलेट में कंपनी द्वारा निर्धारित मानक साइलेंसर के स्थान पर तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलाना आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनता है। पुलिस की कार्रवाई का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करना और शहर में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखना है। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने बुलेट एवं अन्य वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि बुलेट की पहचान उसकी आवाज नहीं, आपकी जिम्मेदारी और सुरक्षित ड्राइविंग से होती है। उन्होंने कहा कि बुलेट वाहनों में तेज आवाज वाले या मॉडिफाइड साइलेंसर लगे हैं, तो वे पुलिस की कार्रवाई का इंतजार न करें, बल्कि स्वेच्छा से ऐसे साइलेंसर निकलवाकर कंपनी द्वारा निर्धारित मानक साइलेंसर लगवाएं।

एचडीएफसी बैंक में लगे एसी के तांबे का तार काटकर ले गए चोर

किराना दुकान में चोरी का सुराग नहीं

सप्ताह भर पहले नगर के बसस्टैंड में श्री श्याम किराना दुकान में शटर तोड़कर की गई चोरी का सुराग पुलिस आज तक नही लगा पाई है। चोरों ने थाने के पीछे नेशनल हाईवे से सटे पुराना बसस्टैंड में स्थित किराना दुकान में देर रात शटर तोड़कर नगदी सवा लाख समेत कीमती सामान पार कर दिया था। इस घटना में संलिप्त चोरों के बारे में सप्ताह भर बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। इसके अलावा एक करोड़ की उठाईगिरी तो अब दूर की कौड़ी लग रही है लेकिन इसके अलावा दर्जनों चोरी एवं चेन स्नेचिंग के मामले भी आज तक अनसुलझे है।नगर में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की हालत देखते हुए नगर की जनता का भरोसा पुलिस के ऊपर से उठने लगा है। इस संबंध में एसडीओपी तुलसिंह पट्टावी ने बताया कि पुलिसिया कार्यप्रणाली में कसावट लाई जायेगी।शहर में चोरी उठाईगिरी की घटना पर भी लगाम लगाया जायेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में सिलसिलेवार हो रही चोरी की घटना थमने का नाम नही ले रही है। बीती रात चोर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को एक बार फिर से ठेंगा दिखाते हुए बैंक के एसी में लगे तांबे का तार काटकर चुरा ले गये। बैंक प्रबंधन को इसकी जानकारी लगने पर उनके द्वारा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

- नगर में थम नही रही सिलसिलेवार चोरी की घटना

बीती रात नगर में सक्रिय चोर गैंग ने एक बार फिर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने इस बार किसी दुकान को नही बल्कि एसी में लगे तांबे के तार पर हाथ साफ किया है। चोर गिरोह थाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित एचडीएफसी बैंक के एसी में लगे तांबे के तार काटकर चुरा ले गये। घटना के अगले दिन बैंक खुलने के बाद जब एसी काम नही कर रहा था तब मरम्मत के लिए मैकेनिक बुलाया गया। मैकेनिक ने जब सिस्टम की खराबी जानने अंदर बाहर जांच की तब पता चला कि इसको सपोर्ट करने वाला तांबे का तार गायब है। चोरी गये तांबे के तार की कीमत पचास हजार रुपये बताई जा रही है। इस घटना के पीछे आशंका जताई जा रही है कि इस चोरी के पीछे कबाड़ी गैंग या फिर शातिर चोरों का हाथ हो सकता है।बैंक प्रबंधन ने थाने में आवेदन देकर एसी में लगे तांबे के तार की चोरी की घटना से पुलिस को अवगत करा दिया है।